## प्रारुप—11

**परियोजना विवरण :—** **जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत लिंगवाणा से सौड़ू रानीताल मोल्ठा चक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (लम्बाई 4.350 कि0मी0)।**

जनपद टिहरी गढवाल के अन्तर्गत लिंगवाणा से सौडू रानीताल मोल्ठा चक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 549(1)।।।(2)/14–49(प्रा0आ0)/2013 दिनांक 29/01/2014 द्वारा 10.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु रू0 79.50 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है। उक्त स्वीकृति के विरूद्ध ग्रामवासियों की सहमति से वास्तविक सर्वेक्षण कार्य करने के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 4.350 कि0मी0 आंकी गई है। उक्त लम्बाई हेतु अधीक्षण अभियन्ता के पत्रांक 6232/790 सी0–8/2015 दिनांक 10/09/2015 द्वारा मार्ग का संरेखण अनुमोदित है। मार्ग का संरेखण 2225 मी0 नाप भूमि से, 2100 मी0 सिविल भूमि से, शून्य मी0 वन पंचायत से, 25 मी0 आरक्षित वन भूमि से गुजरता है, जिसमें 1.568 हे0 नाप भूमि (1.5575 हे0 मोटर मार्ग+0.0105 हे0 मक डिस्पोजल), 1.4700 हे0 सिविल भूमि, शून्य हे0 वन पंचायत, 0.0175 हे0 आरक्षित भूमि, कुल 1.4875 हे0 वन भूमि की आवश्यकता होगी। मार्ग का यह सर्वोत्तम विकल्प है, जिसमें वनभूमि की मांग न्यूनतम है।

उक्त मार्ग के निर्माण से ग्राम लिंगवाड़ा, सौड़ू, कोटाखाल, रानीताल तथा मोल्ठा आदि ग्राम मोटर मार्ग से जुड़ जायेंगे। ग्रामवासियों को कृषि उपजों को स्थानीय मण्डी तक पहुंचाने हेतु यातायात की सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र का विकास होगा।

कनिष्ठ अभियन्ता
अ0ख0लो0नि0वि0
कीर्तिनगर

सहायक अभियन्ता
अ0ख0लो0नि0वि0
कीर्तिनगर

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0लो0नि0वि0
कीर्तिनगर

क्षेत्रीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
भूमि की-टेहरी

वन क्षेत्राधिकारी
माणिकनाथ रेंज
डांगचौरा
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग

उप प्रभागीय वनाधिकारी
(देवप्रयाग)
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग